दैनिक भास्कर

एग्जीबिशन इंडस्ट्री की पहली ग्लोबल समिट एक्सपो-2020 दुबई में

मुंबई | भारत के एग्जीबिशन और कॉन्फ्रेंस आयोजकों की शीर्ष संस्था काउंसिल ऑफ इंडियन एग्जीबिशन ऑर्गनाइजर्स (सीआईईओ) एग्जीबिशन इंडस्ट्री की पहली ग्लोबल समिट-2022 का आयोजन 25 और 26 जनवरी को दुबई में होगा। एक्सपो-2020 दुबई में इंडिया पवेलियन में होने वाली समिट का उद्देश्य भारतीय एग्जीबिशन इंडस्ट्री को वैश्विक नक्शे पर लाना है। ग्लोबल समिट-2022 की मेजबानी फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा 24 से 29 जनवरी तक निर्धारित एमएसएमई सप्ताह के साथ की जाएगी। सीआईईओ की संचालक समिति सदस्य इंडिया आईटीएमई सोसायटी की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, सीमा श्रीवास्तव का कहना है 'भारत के एग्जीबिशन इंडस्ट्री के आयोजकों और सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए अपनी ताकत और क्षमता पूरी दुनिया को दिखाने का यह न चूकने वाला अवसर है।'